# हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन

दिनांक: 12 अगस्त 2026

सेठ फूलचंद बांगला महाविद्यालय, हाथरस में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत दिनांक 12 अगस्त 2026 को "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर उत्साहपूर्वक रैली निकाली गई।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर महावीर सिंह छौंकर के निर्देशन में तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. पप्पू चौधरी, डॉ. ऋषिकांत एवं डॉ. विनय वर्मा की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में किया गया।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सेठ फूलचंद बांगला महाविद्यालय से हुआ। विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के सदस्यों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा में भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर भारत माता चौराहा तक निकाली गई। पूरे मार्ग में विद्यार्थियों ने राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना का संदेश दिया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने "हर घर तिरंगा", "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं देश के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना तथा आमजन को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रोफेसर महावीर सिंह छौंकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारे गौरव, स्वतंत्रता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह तिरंगे का सम्मान करे तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने में अपना योगदान दे।

कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. पप्पू चौधरी, डॉ. ऋषिकांत एवं डॉ. विनय वर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों, राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों तथा राष्ट्रीय एकता के महत्व से अवगत कराया।

तिरंगा यात्रा में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं अनुशासन के साथ प्रतिभाग किया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव एवं सामाजिक चेतना की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज में "हर घर तिरंगा" का संदेश प्रसारित किया गया।

अंततः तिरंगा यात्रा भारत माता चौराहा पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों एवं आमजन में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

P.Chaudhy

डॉ. पप्पू चौधरी

Coordinator
UBA
Seth P C. Bagla (P.G.) College
Hathras 204101

डॉ. ऋषिकांत

डॉ. विनय वर्मा


UP BATTALION NCC,HATHRAS
NCC
एकता और अनुशासन
UNITY AND DISCIPLINE